# यह असली धुरंधर का जमाना

## भाजपा का स्थापना दिवस मनाया, डॉ. यादव ने भी किया संबोधित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत दुनिया का तीसरा देश है, जो कि अपने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारता है. जो हमारे देश के अंदर कष्ट देते हैं. मोदी जी के माध्यम से धुरंधर-2 का समय चल रहा है, लेकिन हमें धुरंधर-1 का समय भी याद आता है. हमें पता है कि नकली नोट छाप-छाप कर पाकिस्तान परेशान करता था. उस पाकिस्तान को भी क्या ठिकाने लगाया. यह असली धुरंधर का जमाना है.**

यह बात सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कही. सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने एक साथ 14 जिला कार्यालयों के लिए भूमिपूजन और 3 जिलों का कार्यारंभ किया. इस दौरान प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया. सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपना समस्याओं और परेशानियों का समाधान अपने पास ही है. जब देश को समर्थ और सामर्थ्यशाली नेतृत्व मिलता है तो फिर सारे उलझे- सुलझे प्रश्नों का जवाब भी मिल जाता है. जब ही तो सम्राट विक्रमादित्य बनासर में जाकर धर्म की जय-जयकार करते हैं.



14 जिलों में भाजपा कार्यालयों के लिए भूमिपूजन

### हमने फीनिक्स को नहीं देखा, भाजपा को देखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वह कौन सा पक्षी फीनिक्स है, जो राख बनकर भी फिर से जीवित हो जाता है, लेकिन हमने उस पक्षी को नहीं देखा, भाजपा को देखा है. जिसका विचारधारा अटल और अमर हो गई है. हमारे नेताओं का चरित्र और दर्शन अद्भुत है. पीएम मोदी ने अपने नेतृत्व से देश के हर कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया है. देश में गठबंधन का दौर लंबे समय तक चलते रहा, अटलजी के नेतृत्व में बनी सरकार ने अपने वादों को पूरा किया, 24 दलों को साथ लेकर चलना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन उन्होंने ये सफलतापूर्वक किया.

### सभी जिलों में भाजपा के कार्यालय हों

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी 17 जिलों में कार्यालय निर्माण की शुरुआत आज से कर रही है. हमारा लक्ष्य है कि सभी अगले स्थापना दिवस तक प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा के कार्यालय हों. उन्होंने बताया कि सभी जिला कार्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के साथ ही पुस्तकालय की भी व्यवस्था होगी. यहां संगठन और विचाराधारा से जुड़ी पुस्तकें भी उपलब्ध होगी. खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा की विचाराधारा सहभागिता पर आधारित है. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की विचारधार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटलबिहारी वाजपेयी सहित अन्य नेताओं ने आगे बढ़ाया. भाजपा ने अपने मूल विचारों से कभी समझौता नहीं किया. इस दौरान दिवंगत नेताओं और कार्यकर्ताओं के परिजनों का सम्मान भी किया गया.

### 5 क्षेत्रों में प्रमुखता से काम करना होगा

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा का सफर वर्ष 1980 से शुरू हुआ और वर्ष 2026 के बीच जो विकास की यात्रा हम लोगों ने आगे बढ़ाई आज वह देश-दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी बन गई है. आज हमारे देश और सनातन की धाक देश-दुनिया में है, लेकिन फिर भी हमने बहुत सी चुनौतियां को पार किया, चाहे वह धारा-370 की रही हो, राम मंदिर, नक्सलवाद की हो या फिर विकास की हमने सभी चुनौतियों को स्वीकार कर उसे हासिल किया है. फिर भी हमारे सामने पांच बड़ी चुनौतियां पंच परिवर्तन के नाते हमारे सामने हैं और उसके लिए हम सबको संकल्पबद्ध होना होगा.

# एलिवेटेड ब्रिज के पीले निशान देख व्यापारी हुए लाल

- सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन को दो एलिवेटेड ब्रिज की सौगात
- मौके पर शुरू हुई मार्किंग, 15 अप्रैल को खुलेंगे टेंडर
- 18 माह में बनकर तैयार होंगे दो एलिवेटेड ब्रिज





**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन.** सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए दो एलिवेटेड ब्रिज निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के बाद अब इस योजना पर प्रशासनिक स्तर पर अमल शुरू कर दिया गया है. पीडब्ल्यूडी सेतु विकास निगम द्वारा इन दोनों ब्रिजों का निर्माण किया जाएगा. हालांकि प्रभावित व्यापारी और मकान मालिक योजना से सहमत नहीं है.

जिन मार्गों पर एलिवेटेड ब्रिज प्रस्तावित हैं, वहां पर दुकानों और मकानों के सामने पीले निशान लगाकर मार्किंग की जा चुकी है. मार्किंग होते ही पीले निशान देख प्रभावित क्षेत्रों में लोग गुस्से से लाल हो गए, हड़कंप की स्थिति बन गई है और लोग अपने मकान-दुकान बचाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाने लगे हैं.

**एलिवेटेड ब्रिज पर एक नजर**-पहला एलिवेटेड ब्रिज मकोड़िया आम नाका से देवास गेट, इंदौर गेट होते हुए नीलगंगा क्षेत्र तक बनाया जाएगा. इस ब्रिज की लंबाई लगभग 3.5 किलोमीटर और चौड़ाई करीब 19.6 मीटर यानी लगभग 65 फीट प्रस्तावित है. . वहीं दूसरा एलिवेटेड ब्रिज इंदौर गेट से बुधवारिया के बीच बनाया जाएगा, जो नई सड़क, फव्वारा चौक और दौलतगंज जैसे अति व्यस्ततम क्षेत्रों से जुड़ेगा. इस ब्रिज की चौड़ाई लगभग 11 मीटर यानी करीब 36 फीट होगी.

**10 करोड़ 40 लाख कंसल्टेंसी फीस**-दोनों एलिवेटेड ब्रिज की डिजाइन लाइन इंजीनियरिंग कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा तैयार की गई है, जिसके लिए करीब 10 करोड़ 40 लाख रुपये का पारिश्रमिक दिया गया है.

**409 करोड़ लागत के हैं दोनों ब्रिज**-पूरे प्रोजेक्ट के सिविल कार्यों पर लगभग 409 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. सिंहस्थ के लिए विशेष रूप से गठित किए गए डिवीजन के कार्यपालन यंत्री अवनेंद्र सिंह ने बताया कि जिन मकान और दुकानों पर चौड़ीकरण या निर्माण कार्य का प्रभाव पड़ेगा, उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा और इसके लिए प्रभावितों की सूची तैयार की जा रही है.

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

महाकाल की नगरी में बनने वाले इन एलिवेटेड ब्रिजों को सिंहस्थ 2028 की तैयारियों का अहम हिस्सा माना जा रहा है. प्रशासन का तर्क है कि शहर के जिन मार्गों पर यह ब्रिज बनाए जाने हैं वहां अक्सर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है. सड़कें संकरी होने के कारण आवागमन में परेशानी होती है और कई जगहों पर दुकानदार अपना सामान सड़क तक रख लेते हैं जिससे रास्ता और संकरा हो जाता है. सिंहस्थ के दौरान पेशवाई, धार्मिक यात्राएं, महाकाल की सवारी और पंचकोशी यात्रा भी इन्हीं मार्गों से गुजरती हैं, इसलिए यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एलिवेटेड ब्रिज निर्माण आवश्यक माना जा रहा है.

### 15 अप्रैल को खुलेंगे टेंडर

प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत दोनों एलिवेटेड ब्रिजों के लिए टेंडर 15 अप्रैल 2026 को खोले जाएंगे. टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा और प्रशासन का दावा है कि करीब 18 महीने में दोनों एलिवेटेड ब्रिज तैयार कर लिए जाएंगे.

**दुकानदारों व्यापारियों, मकान मालिकों में हड़कंप**-

इस प्रोजेक्ट को लेकर प्रभावित क्षेत्रों के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में असंतोष भी दिखाई दे रहा है. देवास गेट और इंदौर गेट क्षेत्र के होटल व्यवसायी, दुकानदार और अन्य व्यापारी बड़ी संख्या में प्रभावित हो सकते हैं. उनका कहना है कि वर्ष 2004 के कुंभ और 2016 के सिंहस्थ के दौरान भी उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के लिए अपनी जमीन और संपत्ति का हिस्सा दिया था. अब एक बार फिर यदि मकान और दुकानें तोड़ी गईं तो उनके व्यापार पर गंभीर असर पड़ेगा.

### प्रभावितों ने लगाई जिम्मेदारों से गुहार...

प्रभावित लोग उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया, स्थानीय विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा और जिला प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रख चुके हैं. कई व्यापारी इस योजना के विरोध में बैनर, पोस्टर और होर्डिंग लगाकर विरोध दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं. साथ ही हाई कोर्ट जाने की भी तैयारी चल रही है. व्यापारियों का कहना है कि यदि एलिवेटेड ब्रिज बनाना ही है तो सिंहस्थ 2028 के बाद निर्माण कार्य किया जाए, क्योंकि यदि निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हुआ तो सिंहस्थ के दौरान उनका व्यापार भी प्रभावित होगा और तोड़फोड़ के बाद नई दुकान या होटल बनाने के लिए न तो पर्याप्त जगह बचेगी और न ही बैंक से लोन मिल पाएगा.

**इंदौर गेट पर सर्कल** - इस परियोजना के तहत इंदौर गेट क्षेत्र का स्वरूप भी बदलेगा. वर्तमान में जो तिराहा है, उसे तोड़फोड़ के बाद लगभग 180 फीट चौड़ा किया जाएगा.

## चेकिंग के दौरान खनिज माफिया ने टीम को घेरा

**भिण्ड.** जिले में खनिज विभाग की टीम पर माफिया द्वारा दबाव बनाने और पीछा करने का मामला सामने आया है. हालात बिगड़ने पर पुलिस की मदद से टीम को सुरक्षित निकाला गया. जिला खनिज अधिकारी पंकज ध्वज मिश्रा अपनी टीम के साथ गोहद अनुभाग के चितौरा-मौ मार्ग पर देर रात जांच कर रहे थे. इसी दौरान गिट्टी से भरा एक डंपर रोका गया, जो ओवरलोड पाया गया. वाहन पर नंबर प्लेट नहीं थी और चेसिस नंबर भी स्पष्ट नहीं था, जिससे मामला संदिग्ध लगा. खनिज विभाग ने डंपर को जब्त कर झांकी चौकी में खड़ा कराया. इस दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और टीम से विवाद करते हुए वाहन छुड़ाने का प्रयास किया.

# किसानों के मुद्दों पर 9 को प्रदर्शन का ऐलान

## कांग्रेस ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 6 अप्रैल. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 9 अप्रैल को प्रदेशभर में प्रदर्शन करने की घोषणा की है. पार्टी कार्यकर्ता किसानों से जुड़े मुद्दों पर सरकार की कथित निष्क्रियता और अधूरे वादों के विरोध में जिला कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेंगे.**

प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि खरीदी में देरी और पर्याप्त समर्थन के अभाव के कारण किसानों को बिचौलियों के हाथों मजबूरन अपनी उपज बेचनी पड़ रही है. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान गेहूं की खरीदी 2700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से करने का वादा किया गया था, लेकिन अब केवल नाममात्र का बोनस देकर किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है.



चौहान ने यह भी आरोप लगाया कि खरीदी तिथियों को बार-बार आगे बढ़ाने से किसान अपनी फसल कम कीमत पर बेचने के लिए विवश हो रहे हैं. पार्टी ने जूट के बोरे की कमी को प्रशासनिक विफलता बताते हुए इसकी भी कड़ी आलोचना की.

कांग्रेस ने हाल ही में हुई ओलावृष्टि से कई जिलों में फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा उठाते हुए पर्याप्त मुआवजा न मिलने पर भी सवाल खड़े किए हैं.

> पार्टी की प्रमुख मांगों में घोषित दर पर तुरंत खरीदी शुरू करना, प्रभावित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा देना तथा बकाया कृषि ऋण पर दंडात्मक ब्याज माफ करना शामिल है. कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन तेज किया जाएगा.

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया शिक्षा विभाग का कर्मचारी

- वेतन जारी कराने के नाम पर मांगी जा रही थी रकम
- लोकायुक्त की कार्रवाई, सात हजार रुपए लेते ही हुआ ट्रैप

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. जनजाति कार्य विभाग से जुड़े एक कर्मचारी को लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया. कार्रवाई के दौरान आरोपी को तय रकम लेते हुए ट्रैप किया गया.**

पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त राजेश सहाय ने बताया कि इंदौर की टीम ने सोमवार को बड़वानी जिले के राजपुर स्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 (लेखा शाखा प्रभारी) प्रदीप मण्डलोई को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है. आरोपी आवेदक की पुत्रवधु का प्रकरण जल्द निपटाने और वेतन जारी कराने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था.



मामले में शिकायतकर्ता बाबूलाल नरगावे, जो माध्यमिक विद्यालय देवला से सेवानिवृत्त उच्च श्रेणी शिक्षक हैं, ने लोकायुक्त को शिकायत की थी कि उनके पुत्र के निधन के बाद पुत्रवधु को अनुकंपा नियुक्ति मिली थी. उसका प्रकरण भोपाल से जल्द मंगवाने और वेतन शुरू कराने के एवज में आरोपी द्वारा सात हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है.

लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें आरोप सही पाए गए. इसके बाद सोमवार 6 अप्रैल को ट्रैप दल का गठन कर योजना के तहत आरोपी को कार्यालय के स्थापना कक्ष में सात हजार लेते ही रंगे हाथों पकड़ लिया. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. कार्रवाई में निरीक्षक सचिन पटेरिया के नेतृत्व में टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका रही.

## पेज एक का शेष

### कार ट्रक में घुसी : 4 की मौत, 8 घायल

घटना में आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें 38 वर्षीय आसिफ, 22 वर्षीय मोहम्मद अली, 17 वर्षीय अयान, 19 वर्षीय सोनू, 22 वर्षीय मोहम्मद कैफ, 21 वर्षीय रेहान, 18 वर्षीय अलफेज और 16 वर्षीय फैजान शामिल हैं. घायलों में से छह का इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा है, जबकि अन्य को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, वहीं दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसा इतना भयावह था कि एक युवक फरहान की गर्दन धड़ से अलग हो गई. यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए. परिजनों के मुताबिक, बारात आष्टा से इंदौर लौट रही थी और रास्ते में देवगुराडिया पर चाय-नाश्ते के लिए रुकी थी. कुछ ही देर बाद यह हादसा हो गया. मृतक सभी सामान्य परिवारों से थे और विभिन्न कामकाज से जुड़े थे. कोई पेंटर था, कोई ग्राफिक डिजाइनर तो कोई मेडिकल दुकान पर काम करता था. हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्काजाम किया और हंगामा किया. कुछ लोगों ने वाहन में आग लगाने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया.

### अतिवादी ताकतों से मजबूती से निपटें : सीएम

शो के दौरान एनएसजी जवानों ने मॉक टेररिस्ट अटैक का रीयलस्टिक सीन क्रिएट कर इस तरह के अटैक्स को काउंटर कर पूरी क्षमता से निपटने के लिए एनएसजी द्वारा अपनाई जाने वाली पूरी प्रक्रिया एवं कार्यवाही का सजीव प्रदर्शन किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह शो पुरुषार्थ और साहस से पराक्रम की पराकाष्ठा के प्रदर्शन का परिचायक है. इस प्रशिक्षण प्रदर्शन में जवानों ने हवा में उड़ते हुए जो करतब दिखाए हैं, वे सच में अद्भुत है. एनएसजी जवान हमारी सुरक्षा व्यवस्था की धुरी हैं. जल, थल, नभ हर तरह से देश पर किसी भी तरह की चुनौतियां और कठिनाइयां आ सकती हैं, इनसे निपटने की तैयारियों के लिए यह प्रशिक्षण और पूर्वाभ्यास बेहद महत्वपूर्ण है.

# मध्यप्रदेश में 9 अप्रैल तक मौसम रहेगा अस्थिर

**24 जिलों में अलर्ट जारी**

**तेज हवाओं और बारिश का खतरा**

**भोपाल , 6 अप्रैल, मध्यप्रदेश में अप्रैल की शुरुआत ही बदलते मौसम के साथ हुई है. मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 9 अप्रैल तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आंधी, तेज बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहेगा.**

7 अप्रैल से सक्रिय होने वाला नया पश्चिमी विक्षोभ तेज हवाओं और भारी बारिश की संभावना को और बढ़ा सकता है.



ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के करीब 24 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है. ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, छतरपुर, सतना, रीवा, सीधी, शहडोल, मंडला और बालाघाट जैसे जिले विशेष रूप से प्रभावित हो सकते हैं. इन इलाकों में हवाओं की रफ्तार 50-60 किमी/घंटा तक पहुँच सकती है, जिससे लोगों और किसानों को सतर्क रहने की आवश्यकता है. एक दो दिनों में प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं के चलते फसलों को नुकसान हुआ.

ग्वालियर में 59 किमी/घंटा, सागर में 54 किमी/घंटा और बड़वानी में 50 किमी/घंटा की गति से हवाएं चली थीं. इन घटनाओं ने साफ दिखा दिया कि मौसम में अचानक बदलाव कृषि और जनजीवन दोनों के लिए चुनौती बन सकता है.

### मौसम क्यों अस्थिर

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में एक साथ कई सिस्टम सक्रिय हैं. साइक्लोनिक सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन और पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादल, तेज हवाएं, बारिश और ओलावृष्टि की स्थिति बनी हुई है. इसलिए आने वाले दिनों में लोगों और किसानों को सतर्क रहना आवश्यक है.

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, चाकुओं से गोदा

**मंदसौर .** जिले में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. बदमाशों ने युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पहले बेरहमी से पीटा और बाद में चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. हमले की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि युवक के पेट पर गहरे घाव होने से उसकी आंतें तक बाहर आ गईं. जानकारी के अनुसार, घायल युवक का आरोपियों से पिछले लगभग एक महीने से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था. इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से युवक को रास्ते में रोक लिया. दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला अचानक हिंसक हो गया. बताया जा रहा है कि जान बचाने के लिए युवक वहां से भागने लगा, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया. इसके बाद आरोपियों ने युवक के साथ जमकर मारपीट की और फिर धारदार हथियार से कई वार कर उसे लहूलुहान कर दिया.

**चिंता** | बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को पहुंची क्षति का मामला उठाया

# सिंघार ने की किसानों को त्वरित राहत देने की मांग

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 6 अप्रैल. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में असमय वर्षा, तेज आंधी और ओलावृष्टि से फसलों को हुए व्यापक नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है.**

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सिंघार ने भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, बड़वानी, बैतूल और रायसेन सहित कई जिलों में किसानों को हुए भारी नुकसान का उल्लेख किया है. उन्होंने बताया कि गेहूं, सरसों और चने की खड़ी तथा कटी फसलें खराब मौसम के कारण बुरी तरह प्रभावित हुई हैं.



उन्होंने यह भी कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने में देरी के कारण किसानों को अपनी उपज खेतों और खलिहानों में ही रखना पड़ा, जिससे वह मौसम की मार झेलने को मजबूर हुए.

सिंघार ने राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा तत्काल, पारदर्शी और समयबद्ध सर्वे कराने की मांग की है, ताकि वास्तविक नुकसान का आकलन हो सके. साथ ही प्रभावित किसानों को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने और खराब हुई उपज के लिए गुणवत्ता मानकों में छूट देकर खरीदी सुनिश्चित करने की भी मांग की है. उन्होंने किसानों की परेशानी को देखते हुए त्वरित राहत देने के लिए शीघ्र कदम उठाने का आग्रह किया है.

### एनएसयूआई ने बढ़ती हिंसा पर जताई चिंता



**भोपाल.** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन भोपाल के एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल के पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर शहर के शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ती हिंसात्मक घटनाओं, अवैध हथियारों की आसान उपलब्धता तथा नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की. प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार, जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर, प्रदेश महासचिव सैयद अल्तमस, युवा कांग्रेस जिला महासचिव आशीष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अमित हाटिया तथा योगेश सोनी शामिल थे. प्रतिनिधिमंडल ने 5 अप्रैल 2026 को दो विश्वविद्यालयों के छात्रों के बीच हुई गोलीबारी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यंत गंभीर है, जिसमें दो छात्र गोली लगने से घायल हो गए. एनएसयूआई नेताओं ने आरोप लगाया कि संगठित गिरोहों के माध्यम से छात्रों तक अवैध हथियार पहुंचाए जा रहे हैं.

## एसिटिक एनहाइड्राइड मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर. अवैध मादक पदार्थों के निर्माण में प्रयुक्त रसायन एसिटिक एनहाइड्राइड के प्रकरण में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी रहमत अजमेरी को राजस्थान से धर दबोचा है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी रहमत अजमेरी की तलाश लगातार की जा रही थी. आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी राजस्थान में छिपा हुआ है, जिस पर टीम गठित कर कार्रवाई की गई. पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी से मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है. बताया जा रहा है कि एसिटिक एनहाइड्राइड एक ऐसा रसायन है जिसका उपयोग अवैध मादक पदार्थों के निर्माण में किया जाता है,


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**संख्या: W/623/5/1/NIT** | **ई-टेण्डरिंग नोटिस** | **दिनांक: 02.04.2026**

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखितकार्य के लिये **"खुली निविदा"** ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है- विवरण इस प्रकार है- **क्र.सं.: 1. ई-टेंडरिंग संख्या: RTM-2025-26-206. कार्य का नाम**: Ratlam Division - Providing cast in situ boundary wall between SPBG -UJN, UJN - PAWASA, UJN - VRG, FTD Total 7.87 km. in connection simahashtha 2028. **अनुमानित लागत**: रु. 6,05,95,800.62. **बयाना राशि**: रु. 12,11,900/-. **कार्य समापन अवधि**: 08 माह। **क्र.सं.: 2. ई-टेंडरिंग संख्या: RTM-2025-26-164R. कार्य का नाम**: Execution of Work in RTM Division - (Composite Work -Civil + Electrical) **1.** Ratlam Division - Civil Work in C/with Upgradation and Replacement of Telecom Passenger Amenities at 09 Stations (Simhastha 2028). **2.** Ujjain - Civil Work in C/with -Upgradation and Replacement of Telecom Passenger Amenities and Various Facilities in Connection of Simhastha 2028. **अनुमानित लागत**: रु. 1,70,77,184.77. **बयाना राशि**: रु. 3,41,600/-. **कार्य समापन अवधि**: 10 माह। **अनुमानित मात्रा सभी टेंडर के लिए**: As per tender schedule. **ऊपर दिए गए सभी टेंडर के लिए वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 02.04.2026. ऊपर दिए गए सभी टेंडर के लिए निविदा खुलने की तिथि: 27.04.2026.** विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SPAN/5/1/531

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60